<><><><><><><>

- केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज शहरी अड्डा का उद्घाटन किया।
- अंडमान निकोबार पुलिस के पांच दूर–दराज के लुकआउट पोस्ट पर सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना की गई है।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
- श्री विजयपुरम में 21 जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज शहरी अड्डा 2025 का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य युवा आवाज़ों, विशेषज्ञों और नेताओं को एकजुट करके शहरों का टिकाऊ भविष्य बनाना है। इस अवसर पर डॉ. मंडाविया ने साइकिल चलाने को व्यायाम का सबसे अच्छा तरीका बताया, जो न केवल लोगों को स्वस्थ रखता है बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी मदद करता है। उन्होंने इसे प्रदूषण की समस्या का समाधान बताया। कार्यक्रम के दौरान, श्री मांडविया ने डॉ० भैरवी जोशी द्वारा लिखित साइक्लिंग, चिल्ड्रन एंड सिटीज़ तथा डॉ. भैरवी जोशी और एआर कुश पारिख द्वारा लिखित रोड टू साइकिल टू स्कूल नामक दो प्रकाशनों का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए संडे ऑन साइकिल पहल एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन साइकिल चलाने और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में योगदान देने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के पांच दूर–दराज के लुकआउट पोस्ट नारकोंडम द्वीप, ईस्ट आइलैंड, बर्मा नाला, इंटरव्यू आइलैंड और लुइस–इन–लेट बे पर सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना की गई है। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने आज इन सौर पैनलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल भी उपस्थित थे। इन एलओपी में पहले बिजली बुनियादी ढांचे का अभाव था और वे पूरी तरह से डीजल जनरेटर सेट पर निर्भर थे। सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना से अब सभी पांच एलओपी को चौबीसों घंटे बिजली की नियमित आपूर्ति होगी। पैनल के स्थापित हो जाने से डीजल जनरेटर के उपयोग में काफी कमी आई है। यह पहल दूरदराज के स्थानों पर तैनात कर्मियों के कल्याण में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने आज कहा कि भारत की एआई रणनीति का उद्देश्य स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का निर्माण करना, एआई को भारत के लिए काम करने योग्य बनाना और एआई अनुप्रयोगों का निर्माण करना है जो वास्तव में जिम्मेदार, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं। श्री सिंह ने कहा कि एआई प्रौद्योगिकियों को आम लोगों के जीवन में बदलाव लाना चाहिए और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। एआई विनियमों और रूपरेखा के बारे में श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण उपयोगकर्ता को होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य से नवाचार के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्वाग्रह का पता लगाने के उपकरण विकसित करने के लिए भारत एआई मिशन के सुरक्षित विश्वसनीय स्तंभ के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार डीप फेक का पता लगाने के उपकरणों पर काम कर रही है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन नियम, 2019 के अनुसार अंडमान निकोबार जलक्षेत्र में स्पोर्टस् फिशिंग गतिविधि के लिए मछली पकड़ने वाले जहाजों के संचालन को स्थगित किया गया है। बंद मौसम के दौरान स्पोर्टस् फिशिंग के लिए कोई परमिट जारी नहीं किया जाएगा। यह आदेश 1 जून से लागू

हो गया है, जो 31 अगस्त तक जारी रहेगा। स्पोर्टस् फिशिंग जहाज मालिकों को बंद मौसम का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ समुद्री मत्स्य पालन नियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी।

<><><><><><><>

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कृषि रथ ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जाकर किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों सहित कई आउटरीच गतिविधियों का आयोजन कर रही है। इसके अलावा घर–घर जाकर क्षेत्रों का दौरा, खेल आयोजन, गांव की चौपालों पर बैठक कर जानकारी दिया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत फलों के पौधे लगाए गए। यह अभियान बारह जून तक जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर की ओर से श्री विजयपुरम में 21 जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच मे की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी। सभी लम्बित पड़े मामलों से संबंधित लोगों से कहा गया है कि वे छः जून को शाम पांच बजे तक पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन अदालत कार्यालय के मेल पर भी भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

वित्तीय क्षेत्र में हाल की अटकलों के बीच, अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने अपने ग्राहकों, भागीदारों और समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा है कि बैंक वित्तीय रूप से मजबूत बना हुआ है। बैंक के प्रबंध निदेशक के. मुरुगन ने कहा कि हमारे ग्राहकों का विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैंक एक मजबूत वित्तीय स्थिति में हैं इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। बैंक ने आज अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति और बैंकिंग विनियमन अधिनियम के तहत सभी विनियामक आवश्यकताओं के पूर्ण अनुपालन की पुष्टि की। बैंक भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संबंधित प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित न्यूनतम विनियामक सीमाओं को पूरा करता है। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक सीधे रिलेशनशिप मैनेजर से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, कृषि विभाग और मत्स्य पालन विभाग की ओर से कैम्पबेल बे के गांधी नगर में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर कृषि सहायक सीताराम ने किसानों को सब्सिडी योजना से संबंधित जानकारी दी। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। इसमें लगभग तीस किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कल खुरपका और मुंहपका रोग टीकाकरण कार्यक्रम के 31वें दौर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने डॉलीगंज स्थित पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक, में आयोजित एक समारोह में ग्यारह टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद जताई। उन्होंने उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर भी जोर दिया। जिला परिषद अध्यक्ष ने पशुपालकों को साफ–सफाई और स्वच्छता पर ध्यान देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से अट्ठारह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियों के लिए बैडमिन्टन कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। विम्बर्लीगंज स्थित कन्यापुरम के बहुउद्देशीय हॉल में कोचिंग कक्षा चलेगी। इच्छुक बच्चे दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

**<><><><><><><>**

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप में टूरिस्ट गाइड के पैनल के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है। इस सूची में दस उम्मीदवार शामिल हैं। विभाग ने उम्मीदवारों से तीस दिनों के भीतर पुलिस वैरिफिकेशन रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन ने चिन्मय मिशन के सहयोग से, वेटरन शतरंज टूर्नामेंट 2025 के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 22 जून को चिन्मय मिशन में आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन बुजुर्ग शतरंज खिलाड़ियों के लिए होगा। यह टूर्नामेंट 55 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से 20 जून तक 100 रूपये के प्रवेश शुल्क के साथ नाम पंजीकृत कराने का अनुरोध किया गया है।

**<><><><><><><>**